# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 25 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 72 हजार 031 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 4.8 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 25 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.8 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 72 हजार 031 सैंपलों की जांच में से 3506 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर घटकर 5.64 प्रतिशत पर पहुंची, बीते दो महीने में सबसे कम संक्रमण दर

- प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। इस पर नियंत्रण के लिए राज्य शासन द्वारा उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से पॉजिविटी दर में दिन-ब-दिन गिरावट आ रही है। अभी प्रदेश की पॉजिटिविटी दर घटकर 5.64 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले दो महीने के दौरान यह संक्रमण की सबसे निम्न दर है। पिछली बार 24 मार्च को पॉजिटिविटी दर 5.64 प्रतिशत थी। अभी प्रदेश के 28 में से 25 जिलों में संक्रमण की दर दो प्रतिशत से आठ प्रतिशत के बीच है।

## मौसमी संक्रामक बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी

- स्वास्थ्य विभाग ने ग्रीष्म ऋतु एवं आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए मौसमी संक्रामक एवं जल जनित बीमारियों से रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार के संबंध में सभी कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्ययोजना बनाने, रेपिड रिस्पांस टीम का गठन, पीने के साफ पानी की उपलब्धता, दवाईयों की उपलब्धता और आवश्यक उपचार के संबंध में व्यवस्था करने को कहा गया है। वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व पहुंच विहीन गांवों/ बसाहटों की पहचान कर, उन क्षेत्रों में समय पूर्व आवश्यक दवाईयों का भण्डारण सुनिश्चित करने को कहा गया है। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के साथ समन्वय कर विशेष कार्य योजना बनाने और उसका कियान्वयन करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## भारत सरकार से 18-44 वर्ष आयु वर्ग हेतु कोवैक्सीन की दूसरी डोज जारी करने का अनुरोध

- राज्य शासन को 18-44 वर्ष के आयु वर्ग के टीकाकरण के लिए 1.50 लाख कोवैक्सीन की डोज 1 मई को प्राप्त हुई थी। जिसमें से 1 लाख 46 हजार 591 व्यक्तियों को इसकी पहली डोज दी गई और वर्तमान में केवल लगभग 3409 डोज शेष है। उक्त हितग्राही 29 मई से दूसरी डोज लगाने के पात्र हो जाएंगे। राज्य शासन ने भारत सरकार से 1.50 लाख कोवैक्सीन डोज जल्द ही जारी करने का अनुरोध किया है। जिससे कि सभी पात्र हितग्राहियों को दूसरी डोज दी जा सके और यदि यह संभव न हो तो भारत सरकार चैनल की वैक्सीन जो 45 आयु वर्ग से अधिक व्यक्तियों के लिए, राज्य शासन के पास उपलब्ध है, उसमें से 18-44 वर्ष आयु वर्ग को वैक्सीन लगाने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

## आज दिनांक 25 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,51,317 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 201 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 10,119 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 506, बीपीएल के 2831, एपीएल के 5831, फ्रंटलाइन वर्कर के 951 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 3506 |
| | | कुल | 956715 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 927 |
| | | कुल* | 151821 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 6516 |
| | | कुल* | 735697 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 7443 |
| | | कुल | 887518 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 56474 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु<br>कुल - 77 | कोविड-19 | 31 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 46 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 72,031**


← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →


## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 25-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 67 | 95214 | 30 | 13609 | 186 | 78209 | 91818 | 1659 | 6 | 1737 |
| 2 | राजनांदगांव | 83 | 55320 | 25 | 12319 | 105 | 41556 | 53875 | 953 | 4 | 492 |
| 3 | बालोद | 84 | 26170 | 69 | 8404 | 113 | 16329 | 24733 | 1075 | 3 | 362 |
| 4 | बेमेतरा | 38 | 19460 | 2 | 3177 | 31 | 15038 | 18215 | 1018 | 1 | 227 |
| 5 | कबीरधाम | 35 | 22267 | 11 | 2237 | 125 | 18608 | 20845 | 1166 | 2 | 256 |
| 6 | रायपुर | 209 | 155303 | 138 | 28915 | 168 | 119993 | 148908 | 3316 | 7 | 3079 |
| 7 | धमतरी | 92 | 25558 | 16 | 2374 | 251 | 21366 | 23740 | 1311 | 4 | 507 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 169 | 40739 | 53 | 8126 | 376 | 29138 | 37264 | 3042 | 4 | 433 |
| 9 | महासमुंद | 118 | 30016 | 18 | 3744 | 167 | 23558 | 27302 | 2385 | 2 | 329 |
| 10 | गरियाबंद | 51 | 18879 | 1 | 3324 | 146 | 14137 | 17461 | 1236 | 1 | 182 |
| 11 | बिलासपुर | 123 | 64234 | 68 | 6724 | 352 | 54466 | 61190 | 1868 | 2 | 1176 |
| 12 | रायगढ़ | 238 | 59801 | 108 | 11292 | 513 | 43073 | 54365 | 4565 | 12 | 871 |
| 13 | कोरबा | 87 | 52746 | 21 | 4346 | 372 | 44692 | 49038 | 3171 | 3 | 537 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 234 | 54389 | 31 | 7314 | 559 | 42682 | 49996 | 3670 | 4 | 723 |
| 15 | मुंगेली | 142 | 23002 | 8 | 899 | 185 | 19890 | 20789 | 2057 | 1 | 156 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 81 | 11385 | 9 | 672 | 140 | 8973 | 9645 | 1605 | 2 | 135 |
| 17 | सरगुजा | 290 | 30959 | 34 | 3418 | 460 | 23866 | 27284 | 3452 | 1 | 223 |
| 18 | कोरिया | 235 | 24785 | 5 | 1459 | 518 | 19470 | 20929 | 3702 | 1 | 154 |
| 19 | सूरजपुर | 276 | 26523 | 15 | 1837 | 529 | 20410 | 22247 | 4081 | 2 | 195 |
| 20 | बलरामपुर | 236 | 18455 | 3 | 1404 | 444 | 13941 | 15345 | 3001 | 1 | 109 |
| 21 | जशपुर | 172 | 24111 | 110 | 4243 | 333 | 16937 | 21180 | 2757 | 6 | 174 |
| 22 | बस्तर | 111 | 18311 | 48 | 4148 | 78 | 12364 | 16512 | 1630 | 3 | 169 |
| 23 | कोंडागांव | 69 | 11826 | 9 | 1583 | 50 | 9256 | 10839 | 896 | 1 | 91 |
| 24 | दंतेवाडा | 63 | 9393 | 37 | 4026 | 61 | 4936 | 8962 | 411 | 1 | 20 |
| 25 | सुकमा | 53 | 5680 | 27 | 3218 | 19 | 2257 | 5475 | 190 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 74 | 22455 | 23 | 3175 | 216 | 17619 | 20794 | 1462 | | 199 |
| 27 | नारायणपुर | 24 | 3348 | 2 | 2418 | 4 | 636 | 3054 | 284 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 51 | 5698 | 6 | 2875 | 15 | 2297 | 5172 | 491 | 3 | 35 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 688 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 20 | | 127 |
| | **महायोग** | **3506** | **956715** | **927** | **151821** | **6516** | **735697** | **887518** | **56474** | **77** | **12723** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →